अबू धाबी, विश्व बैंक मछली पालन क्षेत्र में करेंगे निवेश

लखनऊ, विसं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से एक्वा ब्रिज ग्रुप अबू धाबी और वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मछली पालन व एक्वाकल्चर में निवेश पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में मछली पालन और एक्वाकल्चर के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इसे बढ़ावा देने और मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने को सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में मछली उत्पादन की अपेक्षा खपत अधिक है। इसलिए अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में मछली का आयात किया जाता है। प्रदेश में तमाम सारे ऐसे जलस्रोत हैं, इसके बावजूद मछली पालन काफी सीमित है। इन जलस्रोतों का उपयोग एक्वाकल्चर के लिये किया जा सकता है।